**सौगात** • सिर्फ 3.50 लाख रुपए में मिलेंगे ईडब्ल्यूएस फ्लैट, नान स्लम एरिया के 2240 आवेदन का हो चुका वैरिफिकेशन

# दाम घटाए : 7 लाख नहीं आधी कीमत पर मिल जाएगा पीएम आवास, 35 हजार रु. में कराना होगा रजिस्ट्रेशन

## 5 से 18 अप्रैल के बीच होंगे रजिस्ट्रेशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मई-जून में 420 परिवारों को न तो पतरे वाले कच्चे मकानों में गर्मी सहन करना पड़ेगी, न किराए के लिए मकान मालिकों का तकाजा सुनना पड़ेगा। ये सभी शहर के नॉन स्लम एरिया के परिवार होंगे, जिन्हें डोसीगांव और बंजली में पक्के मकान (ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स) मिल जाएंगे। वह भी सिर्फ 3.50 लाख रुपए में पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर। 2240 परिवारों ने पहले ही नगर निगम को आवेदन दे रखे हैं, जिनका प्रशासन वैरिफिकेशन भी कर चुका है।

सोमवार से नगर निगम इन्हीं पात्रों को सूचना-पत्र देना शुरू कर देगा। रजिस्ट्रेशन कराने पात्र परिवारों को 5 से 18 अप्रैल के बीच 35 हजार रुपए भरना होंगे। जमा राशि की तारीख और समय के अनुसार ही परिवारों की पात्रता बनाकर मकानों का आवंटन किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के अफोर्डेबल हाउस (एएचपी) घटक में बने ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स से ज्यादा हितग्राहियों की रजिस्ट्रेशन राशि जमा होने पर वरीयता के आधार पर 420 मकान आवंटित होने के बाद बाकी को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया जाएगा। नए ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स बनने पर सूची अनुसार उन्हें भी मकान आवंटन होगा।

## मिल चुके आशियाने : पक्की छत के नीचे बसर कर रहे 332 परिवार



डोसीगांव में बनाए गए पीएम आवास। सोमवार से नगर निगम सूचना-पत्र देना शुरू करेगा।

स्लम एरिया शिवशंकर बस्ती में रहने वाले 332 परिवार को डोसीगांव के पक्की छत वाले मकानों में रहते सालभर हो चुका है। 4 फरवरी 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और विधायक चेतन्य काश्यप ने परिवारों को गृह प्रवेश करवाया था। उसके बाद से आवंटन की प्रक्रिया लगातार चल रही है। नए 420 फ्लैट्स आवंटन के बाद यह संख्या 752 हो जाएगी। पीएम आवास योजना एएचपी घटक में अब तक शहर के डोसीगांव, मुखर्जी नगर और बंजली में 1380 फ्लैट्स बन चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा डोसीगांव में 882 और मुखर्जी नगर में सबसे कम 132 पक्के मकान बने हैं।

### ऐसे होगी मकान आवंटन की पहले आओ-पहले पाओ प्रक्रिया

- 5 अप्रैल से 18 अप्रैल के बीच नगर निगम के नाम पीएनबी की स्टेशन रोड शाखा में 35 हजार रुपए भरकर पंजीयन करवाना पड़ेगा।
- 20 अप्रैल तक जमा राशि का विवरण पत्र के माध्यम से नगर निगम के सिविक सेंटर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में देना होगा।
- निर्धारित दिनांक तक राशि जमा होने के बाद वरीयता सूची सार्वजनिक की जाएगी।
- कलेक्टर द्वारा अनुमोदित परिवारों के अलावा अन्य किसी के राशि भरने पर पंजीयन मान्य नहीं होगा।

### 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राहियों का गृह प्रवेश

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल गृह प्रवेश कराएंगे। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से होगा। सभी हितग्राहियों को सूचना दी जा रही है।

### कौन-कितनी चुकाएगा फ्लैट्स की कीमत

| | |
|---|---|
| केंद्र सरकार | 1.50 लाख |
| राज्य सरकार | 1.50 लाख |
| नगर निगम | 1.35 लाख |
| हितग्राही अंशदान | 3.50 लाख |
| कुल | 7.85 लाख |

### शहर में पीएम आवास योजना अब तक

| योजना | ईडब्ल्यूएस | एलआईजी | एमआईजी |
|---|---|---|---|
| डोसीगांव प्रथम चरण | 396 | 96 | 0 |
| डोसीगांव द्वितीय चरण | 196 | 144 | 0 |
| मुखर्जी नगर | 36 | 0 | 96 |
| बंजली | 224 | 192 | 0 |
| अब तक बन चुके | 852 | 432 | 96 |

### जल्द होगा आवंटन

*बंजली में 224 पक्के मकान बनकर तैयार हो चुके हैं। अप्रैल में नगर निगम आवंटन की प्रक्रिया चालू कर देगा। शिवशंकर बस्ती के 332 परिवार फ्लैट्स में शिफ्ट हो चुके हैं। नॉन स्लम एरिया के परिवारों को बंजली के फ्लैट्स भी जल्द ही आवंटन कर देंगे।* -चेतन्य काश्यप, विधायक

# नगरीय निकाय और पंचायत से पहले होंगे सहकारी संस्थाओं के चुनाव

## तैयारी ● 2012 के बाद से नहीं हुए प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के चुनाव

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। गांव-गांव तक अपनी पैठ बनाने के लिए सरकार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव से पहले किसानों की सहकारी संस्थाओं के चुनाव कराने की तैयारी में जुट गई है। ये चुनाव मई में कराए जा सकते हैं। इसके लिए छह माह से रिक्त राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी पद पर सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी एमबी ओझा की नियुक्ति की जा चुकी है। अब संस्थाओं की सदस्यता सूची को अंतिम रूप देकर चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जाएगी। प्रदेश में सहकारी संस्थाओं के चुनाव दस साल से नहीं हुए हैं।

**नए काम शुरू नहीं कर पा रहीं समितियां :** नियमानुसार समितियों के चुनाव पांच साल में होते हैं। इसकी प्रक्रिया छह माह पूर्व प्रारंभ हो जाती है। लेकिन 2012 के बाद से अब तक चुनाव नहीं हो पाए हैं। इसके कारण समितियां नए काम प्रारंभ नहीं कर पा रही हैं। सामान्य कामकाज के संचालन के लिए सहकारिता विभाग के अधिकारियों को प्रशासक बनाया गया है। अब शिवराज सरकार ने संस्थाओं के चुनाव कराने के लिए सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी पदस्थ कर दिया है। सहकारी अधिनियम के अनुसार चुनाव कराने की संपूर्ण जिम्मेदारी निर्वाचन प्राधिकारी की है। अब वे समितिवार सदस्यता सूची तैयार कराएंगे और फिर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होगी। ०६.२१

**सहकारी समितियां ही उचित मूल्य की दुकानों का करती हैं संचालन**

**4500 से ज्यादा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां हैं प्रदेश में**



**55 लाख किसान जुड़े हैं इन समितियों से**



**27-28 लाख किसान प्रतिवर्ष दस हजार करोड़ रुपये से अधिक ब्याज रहित ऋण प्राप्त करते हैं**

**5 करोड़ 11 लाख व्यक्तियों को एक रुपये किलो की दर से गेहूं और चावल दिया जाता है इनके माध्यम से**

### इस तरह आगे बढ़ेगी प्रक्रिया

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक स्तर की समितियों का संचालक मंडल बनने के बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के चुनाव होंगे। जिला बैंकों के चुनाव के बाद अपेक्स बैंक (राज्य सहकारी बैंक) के चुनाव होंगे। इसके साथ ही अखिल भारतीय सहकारी संस्थाओं में मध्य प्रदेश से प्रतिनिधि का चयन करके भी भेजा जाएगा। साख सहकारी समिति के साथ-साथ उपभोक्ता, विपणन संघ, आवास संघ सहित अन्य सहकारी संस्थाओं के चुनाव की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जाएगी।

नईदुनिया २१/३/२२

# 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एस.एम.एस. तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

राज एक्सप्रेस 18/3/22

# 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे से होगा। जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यू-ट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल एसएमएस तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

नईदुनिया 18/3/22

# गुंडागर्दी : कचरा कलेक्शन करने गए हेल्पर ने महिला से की बदतमीजी, लाठी लेकर घर के दरवाजे पर किए वार, सीसीटीवी वीडियो आया सामने



प्रसारण न्यूज • रतलाम

स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने का दावा करने वाले रतलाम नगर निगम के कर्मचारी अब गुंडागर्दी पर उतार आए हैं। रतलाम के विरियाखेड़ी के वार्ड क्रमांक 10 में कचरा कलेक्शन करने पहुंचे वाहन के हेल्पर में एक महिला से बदतमीजी की और उसे धमकाने के लिए घर के दरवाजे पर लाठी से वार किया। महिला ने निगम के कर्मचारी से गीले कचरे का ढक्कन खोल कर रखने की बात कही थी, जिस पर हेल्पर कमलेश छपरी आग बबूला हो गया और महिला को लाठी लेकर मारने दौड़ा। महिला ने घर का दरवाजा लगा लिया तो आरोपी ने घर के दरवाजे पर लाठी से वार कर महिला को धमकाया। नगर निगम कर्मचारी की गुंडागर्दी का यह पूरा वीडियो सी सी टी वी कैमरा में कैद हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब निगम के अधिकारी सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे हैं।

नगर निगम के कर्मचारी की गुंडागर्दी कि यह घटना वार्ड नंबर 10 सिद्धांचलम एक्सटेंशन कॉलोनी की बताई जा रही है। जहां 16 मार्च को कचरा कलेक्शन गाड़ी के साथ गए हेल्पर कमलेश छपरी ने वहां की एक महिला के साथ बदतमीजी कर धमकाने के लिए दरवाजे पर लाठी से वार किए।

पीड़ित महिला मंजुला बोरिया नए नगर निगम के वाहन के कर्मचारियों को गीले कचरे का ढक्कन खोलने को कहा था। जिस पर आरोपी हेल्पर कमलेश विवाद करने लगा और महिला के पीछे लाठी लेकर मारने दौड़ा। आसपास की महिलाओं के रोकने के बावजूद भी कमलेश छपरी नहीं रोका और उसने महिला के घर के दरवाजे पर लाठी से वार कर उसे धमकाया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद निगम आयुक्त आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की बात कह रहे हैं। लेकिन इस मामले में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है।


प्रसारण - 21

प्रसारण 21/3/22

विरियाखेड़ी में हुई थी घटना

# दरवाजे पर लाठी लहराने वाले कर्मचारी की जांच शुरू

लगातार




पत्रिका
प्रकाशित खबर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के विरियाखेड़ी रोड स्थित सिद्धांचलन कॉलोनी में कचरा संग्रहण कर्मचारी द्वारा रहवासी पर लाठी चलाने की घटना की जांच नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शुरू कर दी हैं।

बता दे कि निगम के एक कर्मचारी का वीडियो वायरल हुआ था। इसमे कर्मचारी को जब गिला कचरा के लिए ढक्कन खोलने के लिए कहा गया तो उसने गुस्से में लाठी लहरादी व दरवाजे पर दो बार मारी। इसमे साथ चल रहे चालक ने साथी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। इस घटना के बाद से सिद्धांचलन कॉलोनी में दशहत है।

## आयुक्त ने शुरू की जांच

आयुक्त झारिया ने बताया पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। कर्मचारी के बयान लिए गए है। बताया जाता है कि कर्मचारी का कहना है कि पहले रहवासियों ने गाली बोली थी, इसके लिए मना करने पर फिर से गाली दी। इसके बाद ही गुस्सा आया। पूरे मामले में क्षेत्रीय रहवासी जिस व्यक्ति के साथ घटना हुई है, उसके भी बयान लिए जाएंगे। इसके बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

पत्रिका 21/3/22

# महिला व कचरा गाड़ी के ड्राइवर में विवाद

## महिला के पति ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

भास्कर संवाददाता | रतलाम

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन गाड़ी में कचरा डालने की बात पर सिद्धांचलम कॉलोनी में एक महिला का कलेक्शन गाड़ी के ड्राइवर से विवाद हो गया। महिला के पति की रिपोर्ट पर रविवार रात औद्योगिक थाना पुलिस ने कचरा कलेक्शन गाड़ी नंबर एमपी 43 जी 4347 के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। चालक का नाम कमलेश छपरी बताया जा रहा है। सोमवार को वह भी महिला व उसके परिवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा सकता है।

वाकया वार्ड दस स्थित सिद्धांचलम एक्टेंशन कॉलोनी का है। मंजुला बोरिया घर के बाहर डस्टबिन रखकर खड़ी थी। हेल्पर नहीं होने से ड्राइवर कमलेश ने उनसे गाड़ी में कचरा डालने को कहा। इस बात पर दोनों में कहासुनी होने लगी तो महिला के परिवार के लोग आ गए। महिला के पति राकेश बोरिया ने बताया चालक गाली-गलौज करते हुए लट्ठ से मारने की कोशिश की। उधर चालक कमलेश का कहना है कि डस्टबिन का कचरा गाड़ी में डालने का कहने पर महिला और परिवार सदस्य अभद्रता करने लगे थे। विरोध करने पर महिला के पति ने हाथ उठाया था। जो वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहा है, वह अधूरा है। सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराऊंगा। फिलहाल ड्राइवर कमलेश की ड्यूटी वार्ड 10 की कचरा कलेक्शन गाड़ी से हटाकर वार्ड 8 की गाड़ी पर लगा दी है।

दै. भास्कर 21/3/22

**रेत में रिफंड** • मप्र में नई व्यवस्था मार्च के बाद लाने की तैयारी

# एक पीएम आवास में जितनी रेत लगेगी, मालिक को उतना पैसा देंगे

**वजह : खदानें ठेकेदारों के हाथ में जाने से रेत महंगी हुई, गांवों में 1.40 लाख में घर बनाना मुश्किल**

भास्कर न्यूज | भोपाल

मप्र में रेत के इस्तेमाल पर होने वाला खर्च रिफंड किया जा सकता है। यह नई व्यवस्था प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों और शासकीय कामों पर लागू होगी। आवास योजना में हितग्राही के खाते में पैसा रिफंड होगा और शासकीय कामों में विभाग को पैसा मिलेगा। मार्च आखिर में सरकार इस नई व्यवस्था को अंतिम रूप दे सकती है। मप्र में साल 2021-22 में 5.50 लाख पीएम आवास बने हैं, जबकि 2022-23 में 10 लाख बनना है। हर घर पर कम से दो ट्रॉली रेत लगती है। दरअसल, रेत खदानें पंचायतों से ठेकेदारों के हाथ में जाने के बाद रेत के दाम अनियंत्रित हैं। दो ट्रॉली रेत जो पहले 6 से 8 हजार में मिलती थी, वह ठेकेदार 15 से 20 हजार में दे रहे हैं। चूंकि गांव में पीएम आवास बनाने के लिए 1.40 लाख रुपए मिलते हैं, लिहाजा महंगी रेत के कारण काफी दिक्कतें आ रही हैं।

**रिफंड के दो विकल्प : जो पैसा मिले, उससे खरीद सकते हैं रेत**

**1** • एक पीएम आवास में कितनी रेत लग रही, उसका और उसके मूल्य आकलन जनपद पंचायत का सीईओ करेगा। वही हितग्राही के लिए क्यूआर कोड जनरेट करेगा। फिर रेत का पैसा ग्रामीण विकास विभाग हितग्राही को रिफंड करेगा।

• इस राशि को या तो हितग्राही ठेकेदार को देकर रेत खरीदेगा, या फिर निर्मित आवास की फोटो के साथ हितग्राही भुगतान की गई रॉयल्टी राशि रिफंड के लिए जनपद पंचायत के सीईओ के सामने आवेदन पेश करेगा। 7 दिन के भीतर रिफंड के आदेश होंगे।

**दिक्कत :** रेत खरीदना और रॉयल्टी का रिम्बर्समेंट की प्रक्रिया कठिन होगी।

**2** • इस रेत का आकलन ग्रामीण विकास विभाग करे। रेत की मात्रा और रॉयल्टी रेट का गुणनफल करके राशि निकाली जाएगी। इस गुणनफल में जो पैसा आएगा, उसका भुगतान प्रथम किश्त के साथ हितग्राही को करें। बाद में ग्रामीम विकास विभाग को वित्त विभाग से यह पैसा अतिरिक्त राशि के रूप में लेगा।

**दिक्कत :** गुणनफल की प्रक्रिया में ईमानदारी और पारदर्शिता जरूरी होगी अन्यथा किसी एक पक्ष को नुकसान हो सकता है। हालांकि गुणनफल में राशि काफी कम आएगी जो 3 से 4 हजार रुपए तक हो सकती है। इससे आवास बनाना आसान होगा।

## इस नियम ने बढ़ाई मुश्किल

मप्र रेत (खनन परिवहन, भंडारण एवं व्यापार) नियम 2019 ने मुश्किल बढ़ा दी है, क्योंकि ठेकेदारों के हाथ में खदानें आने के साथ ही यह नियम सामने आए हैं। इसके नियम 4(1) में प्रावधान है कि सरकारी कार्यों अथवा पीएम आवास के लिए लग रही रेत निकटतम खदान से रॉयल्टी का भुगतान करने के बाद ही मिलेगी। पंचायत एवं नगरीय निकाय द्वारा जमा की गई रॉयल्टी की पूरी रकम की वापसी सत्यापन के बाद होगी। यदि पंचायत या नगरीय निकाय के लिए ठेकेदार कार्य करता है तो जमा रायल्टी वापस नहीं होगी। भास्कर 18

दै. भास्कर 18/3/22

# गुंडागर्दी : कचरा कलेक्शन करने गए हेल्पर ने महिला से की बदतमीजी, लाठी लेकर घर के दरवाजे पर किए वार, सीसीटीवी वीडियो आया सामने

रतलाम। स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने का दावा करने वाले रतलाम नगर निगम के कर्मचारी अब गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। रतलाम के विरियाखेड़ी के वार्ड क्रमांक 10 में कचरा कलेक्शन करने पहुंचे वाहन के हेल्पर ने एक महिला से बदतमीजी की और उसे धमकाने के लिए घर के दरवाजे पर लाठी से वार किया। महिला ने निगम के कर्मचारी से गीले कचरे का ढक्कन खोल कर रखने की बात कही थी जिस पर हेल्पर कमलेश छपरी आग बबूला हो गया और महिला को लाठी लेकर मारने दौड़ा। महिला ने घर का दरवाजा लगा लिया तो आरोपी ने घर के दरवाजे पर लाठी से वार कर महिला को धमकाया। नगर निगम कर्मचारी की गुंडागर्दी का यह पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब निगम के अधिकारी सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे हैं।

नगर निगम के कर्मचारी की गुंडागर्दी कि यह घटना वार्ड नंबर 10 सिद्धांचलम एक्सटेंशन कॉलोनी की बताई जा रही है। जहां 16 मार्च को कचरा कलेक्शन गाड़ी के साथ गए हेल्पर कमलेश छपरी ने वहां की एक महिला के साथ बदतमीजी कर धमकाने के लिए दरवाजे पर लाठी से वार किए। पीड़ित महिला मंजुला बोरिया नए नगर निगम के वाहन के कर्मचारियों को गीले कचरे का ढक्कन खोलने को कहा था। जिस पर आरोपी हेल्पर कमलेश विवाद करने लगा और महिला के पीछे लाठी लेकर मारने दौड़ा। आसपास की महिलाओं के रोकने के बावजूद भी कमलेश छपरी नहीं रोका और उसने महिला के घर के दरवाजे पर लाठी से वार कर उसे धमकाया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद निगम आयुक्त आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की बात कह रहे है। लेकिन इस मामले में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है।

इन्दौर - २१

इन्दौर समाचार २१/३/२२

नगर निगम के जन्म मृत्यु विभाग का मामला

# एक सप्ताह से कम्प्यूटर खराब, कर्मचारी घर से ले आया संसाधन

पत्रिका न्यूज पंच



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में नगर निगम की व्यवस्थाए किस तरह चल रही है, यह इसकी बानगी है, जन्म मृत्यु विभाग में कम्प्यूटर एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है, आमजन को परेशानी नहीं हो, इसकी चिंता करते हुए कर्मचारी अपने घर की मशीन को कार्यालय में लाकर काम कर रहा है। इन सब के बीच निगम के अधिकारियों ने अब तक संसाधन को दूरस्त करवाने में पहल नहीं की है।

## 9 मार्च को हुआ खराब

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार 9 मार्च को काम करते हुए कम्प्यूटर में तकनीकी खराबी आ गई। पहले तो कर्मचारियों ने सुधार के प्रयास किए, लेकिन जब सफलता नहीं मिली तो विभागीय अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद कम्प्यूटर को ठीक करने भेजा तो गया, लेकिन अब तक वो दूरस्त होकर नहीं आया। ऐसे में आमजन के कामकाज प्रभावित नहीं हो व समय पर जन्म मृत्यु के प्रमाण पत्र मिल जाए, इसके लिए कर्मचारी विनोद कुमार अपने घर से ही कम्प्यूटर को ले आया व अब इससे काम किया जा रहा है।

कम्प्यूटर मशीन है व कभी - कभी तकनीकी समस्या आती है। मशीन को दूरस्त करने भेजा गया है, आमजन को परेशानी नहीं हो, इसके लिए कर्मचारी अपने घर से कम्प्यूटर लेकर आया, यह प्रशंसनीय है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 18

पत्रिका 18/3/22

# कचरा कलेक्शन करने पहुंचे वाहन के हेल्पर ने म



## घर के दरवाजे पर लाठी से वार किए, सी

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आने का दावा करने वाले रतलाम नगर निगम के कर्मचारी अब गुंडागर्दी पर उतर आए हैं। रतलाम के विरियाखेड़ी के वार्ड क्रमांक 10 में कचरा कलेक्शन करने पहुंचे वाहन के हेल्पर में एक महिला से बदतमीजी की और उसे धमकाने के लिए घर के दरवाजे पर लाठी से वार किया। महिला ने निगम के कर्मचारी से गीले कचरे का ढक्कन खोल कर रखने की बात कही थी जिस पर हेल्पर कमलेश छपरी आग बबूला हो गया और महिला को लाठी लेकर मारने दौड़ा। महिला ने घर का दरवाजा लगा लिया तो आरोपी ने घर के दरवाजे पर लाठी से वार कर महिला को धमकाया। नगर निगम कर्मचारी की गुंडागर्दी का यह पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब निगम के अधिकारी सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे हैं।

नगर निगम के कर्मचारी की गुंडागर्दी कि यह घटना वार्ड नंबर 10 सिद्धांचलम एक्सटेंशन कॉलोनी की बताई जा रही है। जहां 16 मार्च को कचरा कलेक्शन गाड़ी के साथ गए हेल्पर कमलेश छपरी ने वहां की एक महिला के साथ

बदत
लाठ
पीड़ि
के
ढक्
आरो
और
आस

अवन्तिका 21/3/22

# 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एस.एम.एस. तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

इन्दौर - 18

इन्दौर समाचार 18/3/22

## जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

**रतलाम** ● प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा।

स्वदेश - 18

स्वदेश 18/3/22

# भाजपा अंबेडकर मंडल द्वारा सफाई कर्मचारियों का स्वागत व सम्मान



रतलाम। वार्ड 02 लक्ष्मणपुरा में भाजपा अंबेडकर मंडल द्वारा सफाई कर्मचारियों का स्वागत मण्डल मंत्री श्रीमती किरण महावर की उपस्थिति में किया गया। समारोह में भाजपा अम्बेडकर मंडल के महामंत्री विनोद यादव, महामंत्री लोकेश जैसवाल, मंडल उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा गौतम, कार्यकर्ता रजनी, पीयूष व्यास, आशीष, निगम सफाई कर्मचारी विमलाबाई रामलाल, ताराबाई, सीमाबाई, शकुंतलाबाई, रामसिंह, कांताबाई, मोहन मांगीलाल, राजेश कंडारे, सुनील चावरे, प्रह्लाद रामस्वरूप, ड्राइवर अरविंद प्रताप और हेल्पर दीपक लच्छूराम आदि उपस्थित रहे।

प्रसारण २१/३/२२

## सफाई कर्मचारियों का सम्मान

रतलाम। वार्ड-दो लक्ष्मणपुरा में भाजपा आंबेडकर मंडल द्वारा सफाई कर्मचारियों का स्वागत मंडल मंत्री किरण महावर की उपस्थिति में किया गया। समारोह में मंडल महामंत्री विनोद यादव, लोकेश जैसवाल, उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा गौतम, कार्यकर्ता रजनी, पीयूष व्यास, आशीष, निगम सफाई कर्मचारी विमलाबाई रामलाल, ताराबाई, सीमाबाई, शकुंतलाबाई, रामसिंह, कांताबाई, मोहन मांगीलाल, राजेश कंडारे, सुनील चावरे, प्रहलाद रामस्वरूप, ड्राइवर अरविंद प्रताप और हेल्पर दीपक लच्छूराम आदि उपस्थित रहे।

अग्निपथ २१/३/२२

## 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 11.30 बजे से आरंभ होगा।

सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एस.एम.एस. तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

## रंगपंचमी पर शुष्क दिवस

रतलाम। जिले में 22 मार्च को रंगपंचमी त्यौहार पर शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया गया है। शुष्क दिवस पर जिले में सभी देशी- विदेशी मदिरा दुकाने, वायनरी, वाइन आउटलेट, होटल बार, देशी एवं विदेशी मद्य भांडागार संपूर्ण दिवस बंद रहेंगे।

## फिट इंडिया एप डाउनलोड करें

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत लांच किए गए फिट इंडिया एप डाउनलोड करके इसका लाभ उठाया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि फिट इंडिया एक की विशेषताओं में शामिल है। फिटनेस प्रोटोकॉल पर आधारित फिटनेस मूल्यांकन, संतुलित आहार योजना, स्टेप काउंटर, कैलोरी मॉनिटर, स्लीप ट्रैकर इसके अलावा फिटनेस परीक्षण कैसे करें, दक्षता परीक्षण करने के तरीके के बारे में एक गाइड भी ऐप पर उपलब्ध है। सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निःशुल्क ऐप एंड्राइड तथा आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

प्रसारण 21/3/22

# शन करने पहुंचे वाहन के हेल्पर ने महिला से की बदतमीजी

## घर के दरवाजे पर लाठी से वार किए, सीसीटीवी में घटना कैद

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

छता सर्वेक्षण में अव्वल आने का दावा करने रतलाम नगर निगम के कर्मचारी अब गर्दी पर उतर आए हैं। रतलाम के याखेड़ी के वार्ड क्रमांक 10 में कचरा क्शन करने पहुंचे वाहन के हेल्पर में एक ला से बदतमीजी की और उसे धमकाने के घर के दरवाजे पर लाठी से वार किया। महिला ने निगम के कर्मचारी से गीले कचरे का ढक्कन खोल कर रखने की बात कही थी जिस पर हेल्पर कमलेश छपरी आग बबूला हो गया और महिला को लाठी लेकर मारने दौड़ा। महिला ने घर का दरवाजा लगा लिया तो आरोपी ने घर के दरवाजे पर लाठी से वार कर महिला को धमकाया। नगर निगम कर्मचारी की गुंडागर्दी का यह पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब निगम के अधिकारी सख्त से सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे हैं।

नगर निगम के कर्मचारी की गुंडागर्दी कि यह घटना वार्ड नंबर 10 सिद्धांचलम एक्सटेंशन कॉलोनी की बताई जा रही है। जहां 16 मार्च को कचरा कलेक्शन गाड़ी के साथ गए हेल्पर कमलेश छपरी ने वहां की एक महिला के साथ बदतमीजी कर धमकाने के लिए दरवाजे पर लाठी से वार किए।

पीड़ित महिला मंजुला बोरिया नए नगर निगम के वाहन के कर्मचारियों को गीले कचरे का ढक्कन खोलने को कहा था। जिस पर आरोपी हेल्पर कमलेश विवाद करने लगा और महिला के पीछे लाठी लेकर मारने दौड़ा। आसपास की महिलाओं के रोकने के बावजूद भी कमलेश छपरी नहीं रोका और उसने महिला के घर के दरवाजे पर लाठी से वार कर उसे धमकाया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद निगम आयुक्त आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की बात कह रहे हैं। लेकिन इस मामले में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है।

अवन्तिका २१

अवन्तिका २१/३/२२

## 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एस.एम.एस. तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

## फिट इंडिया एप डाउनलोड करें

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत लांच किए गए फिट इंडिया एप डाउनलोड करके इसका लाभ उठाया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि फिट इंडिया एक की विशेषताओं में शामिल है। फिटनेस प्रोटोकॉल पर आधारित फिटनेस मूल्यांकन, अनुकूलित आहार योजना, स्टेप काउंटर, कैलोरी मॉनिटर, स्लीप ट्रैकर इसके अलावा फिटनेस परीक्षण कैसे करें, दक्षता परीक्षण करने के तरीके के बारे में एक गाइड भी ऐप पर उपलब्ध है। सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निःशुल्क ऐप एंड्राइड तथा आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

## रंगपंचमी पर शुष्क दिवस

रतलाम। जिले में 22 मार्च को रंगपंचमी त्यौहार पर शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया गया है। शुष्क दिवस पर जिले में सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकाने, वायनरी, वाइन आउटलेट, होटल बार, देशी एवं विदेशी मद्य भांडागार संपूर्ण दिवस बंद रहेंगे।

इन्दौर समाचार 21/3/22

# गिला कचरे का ढक्कन खोलने को बोला तो महिला के पीछे लट्ठ लेकर दौड़ा कर्मचारी



## अब मोहल्ले में दशहत, आरोप नशे में था कर्मचारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में स्वच्छता की दौड़ में नंबर एक पर अने का प्रयास कर रही नगर निगम को उसके कर्मचारी ही पलीता लगा रहे है। विरीयाखेड़ी के वार्ड नंबर दस में एक महिला ने जब गिला कचरा डालने के लिए कर्मचारी कमलेश छपरी को ढक्कन खोलने को बोला तो कर्मचारी लाठी लेकर महिला के पीछे दौड़ गया। इसके बाद लाठी से घर के दरवाजे पर प्रहार किए। महिला ने समय रहते दौड़ लगा दी, इससे वो तो बच गई, लेकिन अब मोहल्ले में कर्मचारी के व्यवहार से दशहत है। पूरे मामले का सीसीटीवी फुटेज अब वायरल हो गया है। क्षेत्र के रहवासियों का आरोप है कि कर्मचारी नशे में था।

शहर में स्वच्छता अभियान को लेकर नए - नए प्रयोग नगर निगम कर रही है। इसी कड़ी में गिला व सूखा कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है। बताया जाता है कि वीरियाखेड़ी में दो दिन पूर्व दोपहर करीब 1 बजे निगम का कचरा संग्रहण वाहन गया था। इस दौरान सिद्धांचलन एक्सटेंशन क्षेत्र में राकेश बोरिया के निवास पर जब वाहन पहुंचा तो मंजूला बोरिया ने गिला कचरा डालने के लिए कर्मचारी छपरी को ढक्कन खोलने को कहा। बजाए ढक्कन खोलने के कर्मचारी नाराज हो गया व लाठी लेकर महिला के पीछे दौड़ पड़ा। हालांकि साथ चल रहे वाहन चालक ने लाठी लेकर दौड़ने वाले कर्मचारी को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसको सफलता नहीं मिली। इसके बाद जिस महिला ने ढक्कन खोलने को कहा था, उसके घर पर लाठी से प्रहार किया। घटना का पूरा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया व अब बाहर आ गया।

## सख्त कार्रवाई की जाएगी

पूरे मामले की जानकारी मिली है। इसको गंभीरता से लिया गया है। कर्मचारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 20/3/22

## 28 को 6 हजार 476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एसएमएस तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

## फिट इंडिया एप डाउनलोड करें

रतलाम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अमृत महोत्सव के अंतर्गत लांच किए गए फिट इंडिया एप डाउनलोड करके इसका लाभ उठाया जा सकता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया है कि फिट इंडिया एक की विशेषताओं में शामिल है। फिटनेस प्रोटोकॉल पर आधारित फिटनेस मूल्यांकन, अनुकूलित आहार योजना, स्टेप काउंटर, कैलोरी मॉनिटर, स्लीप ट्रैकर इसके अलावा फिटनेस परीक्षण कैसे करें, दक्षता परीक्षण करने के तरीके के बारे में एक गाइड भी ऐप पर उपलब्ध है। सभी उपयोगकर्ताओं के लिए निशुल्क ऐप एंड्राइड तथा आईओएस दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है।

नवभारत 21/3/22

## जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम. प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से दी जाएगी।

पत्रिका 21/3/22

# 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एस.एम.एस. तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

प्रसारण 18/3/22

# 28 मार्च को जिले के 6476 हितग्राहियों का होगा गृह प्रवेश

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी 28 मार्च को रतलाम जिले के 6476 हितग्राही अपना गृह प्रवेश करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से आरंभ होगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े ने बताया कि इस दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण जिले में सभी कार्यक्रम स्थलों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इसके अलावा दूरदर्शन, फेसबुक, यूट्यूब, वेबकास्ट लिंक द्वारा भी प्रसारित होगा। हितग्राहियों को कार्यक्रम में भागीदारी की सूचना मोबाइल के माध्यम से एस.एम.एस. तथा अन्य माध्यमों से दी जाएगी।

नवभारत 18/3/22

जनवरी में भी बनाया था पहला स्थान

# सीएम हेल्पलाइन में फिर बाजी मारी नगर निगम ने

## 93.77 प्रतिशत वेटेज स्कोर मिला, बनाई ए ग्रेड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम ने मुख्यमंत्री शिकायत हेल्पलाइन में फिर एक बार बाजी मारी है। 93.77 प्रतिशत वेटेज स्कोर नगर निगम को फरवरी के लिए मिला है। इसमे निगम ने ए ग्रेड बनाई है। इसके बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सहआयुक्त निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने भी आयुक्त सोमनाथ झारिया को बधाई पत्र भेजा है। बता दे कि इसके पूर्व जनवरी में भी नगर निगम ने सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश में पहला नंबर बनाया था।

नगर निगम में स्वच्छता, पेयजल समस्या, अतिक्रमण आदि की शिकायत आमजन सीएम हेल्पलाइन में करता है। इस शिकायत के बाद स्थानीय अधिकारी व कर्मचारी समस्या के समाधान के प्रयास करते है व इसके बाद की गई शिकायत को समाप्त करवाते है। कभी - कभी शिकायत करने वाला संतुष्ट नहीं होता है तो शिकायत का स्तर लेवल एक से बढ़कर दो व तीन तक पहुंच जाता है, लेकिन इस प्रकार के मामलों की संख्या कम होती है।

### इस तरह आया नंबर एक पर

नंबर एक पर आने के लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी ने विशेष प्रयास किए। इतना ही नहीं कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने लगातार सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देश देते रहे। इतना ही नहीं, स्वयं आयुक्त झारिया व उपायुक्त सोलंकी ने कर्मचारियों से प्रतिदिन की जानकारी ली। इसके बाद ही 93.77 प्रतिशत वेटेज स्कोर नगर निगम को मिला है।

पत्रिका २१/३/२२

## पॉलीथिन : कलेक्टोरेट की कैंटीन पर लगाया जुर्माना

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अमानक पॉलीथिन, डिस्पोजेबल सामग्री का इस्तेमाल करने पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। टीम ने 8 लोगों पर जुर्माना किया। इसमें कलेक्टोरेट में संचालित मां शारदा कैंटीन के संचालक पर एक हजार रुपए, सांवरियां टी स्टॉल पर एक हजार रुपए, शिवम रेस्टोरेंट एवं रजत रेस्टोरेंट पर 250-250 रुपए, गोवर्धन पाटीदार, साया होटल पर 200-200 रुपए एवं कमल पर 100 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया है। भास्कर. 18

दै. भास्कर 18/3/22

## आज रहेगा शुष्क दिवस

रतलाम। जिले में 18 मार्च को धूलेंडी तथा 22 मार्च को रंगपंचमी त्यौहार पर शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया गया है। शुष्क दिवस पर जिले में सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकाने, वायनरी, वाइन आउटलेट, होटल बार, देशी एवं विदेशी मद्य भांडागार संपूर्ण दिवस बंद रहेंगे। राज 18

राज एक्सप्रेस 18/3/22

## धुलेंडी तथा रंगपंचमी पर शुष्क दिवस

रतलाम। जिले में 18 मार्च को धूलेंडी तथा 22 मार्च को रंगपंचमी त्यौहार पर शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आदेश जारी किया गया है। शुष्क दिवस पर जिले में सभी देशी-विदेशी मदिरा दुकाने, वायनरी, वाइन आउटलेट, होटल बार, देशी एवं विदेशी मद्य भांडागार संपूर्ण दिवस बंद रहेंगे। इन्दौर - 18

इन्दौर समाचार 18/3/22

# सफाई कर्मचारियों का सम्मान हुआ

**रतलाम.** लक्ष्मणपूरा में भाजपा अंबेडकर मंडल द्वारा सफाई कर्मचारियों का स्वागत व सम्मान किया। मण्डल मंत्री किरण महावर की उपस्थिति में आयोजन किया गया। इस दौरान निगम सफाई कर्मचारी विमलाबाई रामलाल, ताराबाई, सीमाबाई, शकुंतलाबाई, रामसिंह, कांताबाई, मोहन मांगीलाल, राजेश कंडारे, सुनील चावरे, प्रह्लाद रामस्वरूप, ड्राइवर अरविंद प्रताप और हेल्पर दीपक लच्छूराम आदि का सम्मान हुआ। समारोह में भाजपा अम्बेडकर मंडल के महामंत्री विनोद यादव, महामंत्री लोकेश जैसवाल, मंडल उपाध्यक्ष पूजा शर्मा, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा गौतम, कार्यकर्ता रजनी, पीयूष व्यास आदि उपस्थित रहे। पत्रिका।

पत्रिका। २०/३/२२